# प्राक्कथन (NSQF लेवल-5 सम्मत संस्करण)

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के अधीन प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT), राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसायिक प्रशिक्षण के विकास और समन्वय के लिये सर्वोच्च संगठन होने के कारण, समय-समय पर चलने वाले मार्किट और उद्योग के साथ अपने विभिन्न पहलुओं को बेहतर बनाने के लिये कदम उठाता है। 2015 में DGT ने योग्यता आधारित पाठ्यक्रम की अवधारणा को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की थी। ऐसा करने के लिये प्रत्येक CTS ट्रेड के पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा NSQF स्तर के साथ पुनः संशोधित किया जा रहा है। DGT की पत्र संख्या MSDE/19/01/2017-CD दिनांक 14 अगस्त 2017 के अनुसार, सात ट्रेडों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया गया और उपयुक्त NSQF स्तरों के साथ पुनः संयोजित किया गया, जो आई.टी.आई. के अगस्त 2017 सत्र से लागू हुआ। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए, DGT के आदेश MSDE(DGT)/19/02(7)/2018-CD दिनांक 9 अप्रैल 2018 के अनुसार, शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत 51 और ट्रेडों के पाठ्यक्रम को संशोधित/अद्यतम किया गया। पेन्टर जनरल ट्रेड उन्हीं में से एक है। इसका योग्यता आधारित पाठ्यक्रम लेवल 5 निर्धारित किया गया है। यह ट्रेड कैमिकल (chemical) सेक्टर के आधीन आता है।

पेंटिंग का प्रयोग केवल सुंदरता बढ़ाने के लिये ही नहीं किया जाता है बल्कि इससे घरों, इमारतों और उन सभी वस्तुओं को प्रोटेक्शन भी मिलता है जिन्हें पेंट किया जाता है। चाहे लकड़ी की बनी वस्तुएं हों, कन्क्रीट की बनी वस्तुएं हों या फिर मेटल की, सभी को पेंट करने की जरूरत होती है। इस तरह के सभी कार्यों को जिस व्यक्ति के द्वारा किया जाता है उसे पेंटर कहते हैं। आजकल पेंटर के कार्य का इतना महत्व है कि अरबों रूपये के उद्योग धंधे इसी वजह से चल रहे हैं। इन उद्योग धंधों में रंग और पेंट बनाने के धंधे, पेंट को धोलने या पतला करने में प्रयोग होने वाले थिनर जैसे केमिकल बनाने के धंधे तथा प्राइमर, पुट्टी और पेंटिंग में प्रयोग होने वाले उपकरणों को बनाने वाले धंधे प्रमुख हैं।

आज यह क्षेत्र पहुत ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र बन गया है और शायद यही वजह है कि अब दुनिया के सभी देशों की सरकारों ने पेंटर नामक व्यवसाय के लिये शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कोर्सों को शामिल किया है। पेंटर ट्रेड की सही शिक्षा देने के लिये भारत सरकार ने छात्रों को आईटीआई में पेंटर के नाम से कई कोर्स उपलब्ध कराये हैं। ये अलग-अलग ड्यूरेशन के कोर्स हैं। इनमें सबसे ज्यादा पापुलर कोर्स है **पेंटर जनरल।** इस कोर्स को सफलता पूर्वक पूरा करके आप इमारतों और लकड़ी पर पेंट के अलावा स्क्रीन प्रिंटिंग और ऑटो-मोबाइल क्षेत्र में होने वाली स्प्रे पेंटिंग तथा पाउडर कोटिंग को भी अच्छी तरह से सीख व समझ सकते हैं। यह दो साल का कोर्स है। जिसे छह-छह महीनों के चार सेमेस्टरों में बांटा गया है। इस कोर्स से आप जहां पेंटर का काम सीख सकते हैं वहीं उन व्यवसायों की बुनियादी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं जो डायरेक्ट या इन-डायरेक्ट इस ट्रेड से जुड़े होते हैं। इन ट्रेड में कारपेन्टर, प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन और शीट मेटल प्रमुख हैं।

इस कोर्स की एक खासियत यह भी है जहां इसे करने के बाद आप एक प्रशिक्षित पेंटर बन जाते हैं वहीं इसमें यह भी जान सकते हैं कि यदि किसी इमारत की पेंटिंग का ठेका लेना है तो आपको इसकी क्या कॉस्ट आयेगी और आप आगे क्या रेट कोट करें। अपने आप में यह एक तरह का सम्पूर्ण कोर्स है। इस कोर्स को पास करने के बाद आप किसी ठेकेदार के अंडर में काम कर सकते हैं या फिर खुद का अपना काम भी कर सकते हैं। ऑटोमोबाइल, शिपिंग और एवियेशन इंडस्ट्री में भी पेंटर के तौर पर अपना कैरियर शुरू कर सकते हैं।

पुस्तक में पेंटर ट्रेड से जुड़े सभी विषयों को शामिल किया गया है और प्रत्येक अध्याय के अंत में विषय से सम्बन्धित परीक्षा पास करने में सहायक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को उत्तर सहित प्रस्तुत किया गया है। आशा है कि इस पुस्तक की सहायता से जहां छात्र पेंटर जनरल ट्रेड की परीक्षा को आसानी से पास कर सकेंगे वहीं विषय को भी गहराई से समझ सकेंगे। भविष्य के संस्करणों में पुस्तक में क्या-क्या सुधार किये जायें, इस सम्बन्ध में आपके अमूल्य सुझावों का स्वागत है।

**-लेखक**

# विषय सूची


NSQF (Level-5) compliant competency based Curriculum (for Semester 1 to 4) under CTS .......... (*vi–viii*)


## सेमेस्टर - 1


1. शिक्षण संस्थान परिचय ............ 1-3
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 3
2. पेंटर जनरल ट्रेड परिचय ............ 4-7
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 7
3. दुर्घटना और प्राथमिक चिकित्सा ............ 8-18
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 17-18
4. लाइनों के प्रकार और ड्राइंगों के रंग ............ 19-26
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 25-26
5. स्केचिंग: परिचय और प्रयोग ............ 27-30
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 30
6. कलर थ्योरी (रंगों की अवधारणा) ............ 31-39
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 38-39
7. पेंटिंग ब्रश और नाइफ ............ 40-44
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 44
8. ड्राइंग उपकरण और स्टेन्सिल ............ 45-48
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 48


## सेमेस्टर - 2


1. कारपेंटर एक परिचय ............ 49-62
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 61-62
2. प्लम्बर एक परिचय ............ 63-72
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 71-72
3. शीट मेटल वर्क ............ 73-84
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 83-84
4. कम्प्यूटर परिचय और ऑपरेटिंग सिस्टम ............ 85-91
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 91
5. एडॉब फोटोशॉप: परिचय और प्रयोग ............ 92-104
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 103-104
6. कोरल ड्रा: परिचय और प्रयोग ............ 105-120
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 119-120
7. स्क्रीन प्रिंटिंग ............ 121-128
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ............ 128

## सेमेस्टर - 3


1. क्राफ्ट वर्क, पुट्टी और वुड फिनिश ........ 129-140
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 139-141
2. पेंट परिचय ........ 141-154
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 153-154
3. वुडन सरफेस पेंटिंग ........ 155-161
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 161
4. वॉल सरफेस (दीवार) पेंटिंग ........ 162-177
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 176-177
5. ब्रश/रोलर पेंटिंग और पाइप कलर कोडिंग ........ 178-182
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 182
6. दीवार के डिफेक्ट दूर करना ........ 183-190
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 190


## सेमेस्टर - 4


1. मेटल सरफेस क्षरण रोकना ........ 191-199
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 199
2. स्प्रे गन से पेंट करना ........ 200-209
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 208-209
3. डिपिंग और पाउडर कोटिंग (पेंट बेक करना) ........ 210-224
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 223-224
4. आर्टिकल और मशीन पेंट करना ........ 225-236
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 235-236
5. कार पेंट करना ........ 237-256
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 254-256
6. पेंट टेस्क करना और कलर स्कीम ........ 257-269
   मॉडल प्रश्नोत्तर (बहु विकल्पीय-MCQ) ........ 268-269

परिशिष्टः उपयोगी शब्दावली ........ 270-272




